संकट

**अधर में जिले का 16 करोड़ मछली बीज उत्पादन का लक्ष्य, तीन प्रमुख प्रक्षेत्रों में अब तक नहीं लग पाया एक भी सेट**

# मौसम की बेरुखी से मत्स्य उत्पादन पर संकट



**नवभारत, मंडला।** जुलाई माह का प्रथम पखवाड़ा समाप्त होने की कगार पर है और रैनी सीजन का आगमन हो चुका है, बावजूद इसके मानसून अपने पूरे शबाब पर नहीं आया है। जिससे जिले में मौसम की बेरुखी के कारण तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इस प्रतिकूल मौसम का सीधा असर कृषि और उससे जुड़े अन्य सहयोगी विभागों की योजनाओं पर पड़ने लगा है। विशेष रूप से तालाबों एवं जलाशयों में मत्स्य विकास की योजनाएं बारिश में देरी और अत्यधिक उमस के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं।

जानकारी अनुसार आमतौर पर जून महीने के बाद से ही अच्छी बारिश के साथ जिले में मत्स्य पालन की योजनाएं रफ्तार पकड़ने लगती हैं। इस वर्ष भी सीजन की शुरुआत मूसलाधार बारिश के साथ हुई थी और तीन-चार दिनों तक झमाझम पानी भी गिरा। लेकिन इस शुरुआती स्पेल के बाद मानसून अचानक धीमा पड़ गया और बारिश थम गई। पिछले एक सप्ताह से जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिसके कारण वातावरण में भारी उमस है। मौसम के इस बदलते मिजाज ने मत्स्य उद्योग की कमर तोड़ दी है और मत्स्य विभाग को मिले इस वर्ष के लक्ष्यों को पूरा करने में भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

### उत्पादन के लिए न्यूनतम 30 डिग्री तापमान जरूरी

मछली के स्पॉन तैयार करने के लिए एक अनुकूल वातावरण की आवश्यकता होती है, जिसके तहत न्यूनतम तापमान लगभग 28 से 30 डिग्री सेल्सियस होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही पानी की पर्याप्त उपलब्धता भी अनिवार्य है।

### प्रतिकूल तापमान के कारण थमा उत्पादन

मत्स्य विभाग ने बताया कि वर्तमान में उच्च तापमान और उमस के कारण उत्पादन से संबंधित बुनियादी कार्य भी शुरू नहीं हो सके हैं। यदि जल्द ही मौसम में बदलाव नहीं आया, अधिकतम तापमान में गिरावट नहीं हुई और भारी बारिश का दौर शुरू नहीं हुआ, तो तय लक्ष्य के अनुसार मछली उत्पादन कर पाना असंभव हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि तापमान के इस उतार-चढ़ाव से मछली बीज उत्पादन की पूरी प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है। शासन की मंशा के अनुसार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और स्थानीय मछुआरों, निजी मत्स्य पालकों व किसानों को कम दरों पर उन्नत मछली बीज उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर बीज उत्पादन किया जाता है।

### तीनों प्रमुख प्रक्षेत्रों में काम ठप, नहीं लगा एक भी सेट

जिले की मांग और विभागीय आवश्यकताओं के आधार पर शासन द्वारा हर वर्ष लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष मंडला जिले को कुल 16 करोड़ मत्स्य बीज उत्पादन का बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इस लक्ष्य को जिले के तीन प्रमुख प्रक्षेत्रों में विभाजित किया गया है। जिसमें मंडला के कटरा प्रक्षेत्र को 7 करोड़ स्पॉन उत्पादन का लक्ष्य, निवास प्रक्षेत्र को 7 करोड़ स्पॉन उत्पादन का लक्ष्य और बंजी प्रक्षेत्र को 2 करोड़ स्पॉन उत्पादन का लक्ष्य मिला है। बताया गया कि इस समय तक मछली बीज उत्पादन के लिए कम से कम 8 से 10 सेट लगाए जा चुके होने चाहिए थे। लेकिन वास्तविकता यह है कि कटरा, निवास और बंजी तीनों ही प्रक्षेत्रों में गर्मी और कम पानी के चलते अभी तक एक भी सेट नहीं लगाया जा सका है।

# छात्रावास में कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए सीट वृद्धि की मांग

**सुविधा नहीं होने से पढ़ाई छूटने का डर, पालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



**बीजाडांडी।** विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम पौंडी नगरार में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय छात्रावास में आगामी सत्र के लिए सीट वृद्धि करने की मांग को लेकर क्षेत्र के पालकों और छात्राओं ने जिला कलेक्टर मंडला के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कक्षा 12वीं की बालिकाओं के लिए छात्रावास में रहने की व्यवस्था नहीं की गई, तो सुदूर अंचलों की कई होनहार बेटियों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाएगी।

### 11वीं तक तो रहने की व्यवस्था 12वीं के लिए नियम नहीं

कलेक्टर कार्यालय को सौंपे गए पत्र में पालकों और छात्राओं ने बताया कि पौंडी नगरार स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 6वीं से लेकर कक्षा 11वीं तक की बालिकाओं के रहने की उत्तम सुविधा उपलब्ध है। लेकिन नीतिगत प्रावधानों या सीटों की कमी के कारण आगामी उच्च कक्षा यानी 12वीं के लिए छात्राओं के यहां ठहरने का कोई प्रावधान नहीं है। इस तकनीकी अड़चन के कारण जो छात्राएं इस वर्ष 11वीं उत्तीर्ण कर 12वीं में पहुंची हैं, उनके सामने रहने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि बालिकाओं के व्यापक हित और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की भावना को ध्यान में रखते हुए पौंडी नगरार के इस छात्रावास में कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विशेष तौर पर सीटों की संख्या में वृद्धि की जाए।

### पढ़ाई छूटने का अंदेशा, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं हैं स्कूल

ज्ञापन में पालकों ने अपनी व्यावहारिक समस्याओं को साझा करते हुए कहा कि वे सभी बेहद दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में निवास करते हैं। उनके गांवों और आसपास के क्षेत्रों में हायर सेकेंडरी स्कूल 12वीं तक की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में केवल एक अंतिम वर्ष 12वीं कक्षा की पढ़ाई के लिए बच्चियों को किसी अन्य अनजान स्थान पर भेजना या वहां रहने और आने-जाने का खर्च उठाना गरीब परिवारों के लिए अत्यंत कठिन है। यदि छात्रावास में स्थान नहीं मिलता है, तो मजबूरन बेटियों की पढ़ाई रुक जाएगी, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होगा।

## एक नजर में



### मॉडल स्कूल नारायणगंज में शुभांशी कांसकार ने ग्रहण किया शिक्षिका का पदभार

**नारायणगंज।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणगंज कूड़ा मैली में शुभांशी कांसकार ने वर्ग-2 में अंग्रेजी शिक्षिका के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र के शुभचिंतकों में अत्यंत हर्ष और गर्व का माहौल है।

शुभांशी कांसकार न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हैं, बल्कि एक उत्कृष्ट कलाकार भी हैं। उनकी पेंटिंग कला और रचनात्मक सोच उनकी विशेष पहचान है। परिजनों व शुभचिंतकों ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपनी कलात्मक प्रतिभा का उपयोग छोटे बच्चों को खेल-खेल में अंग्रेजी सिखाने तथा उनके शैक्षणिक विकास में करेंगी।



### उद्योगपति किशोर ने ऊर्जा सचिव गढ़पाले से की मुलाकात

**मंडला।** मध्यप्रदेश के वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी किशोर काल्पीवार ने भोपाल में ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंडला, सीधी सहित अन्य आदिवासी व ग्रामीण अंचलों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति और स्थानीय बिजली समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। चर्चा के दौरान ऊर्जा सचिव ने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर तुरंत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपनी उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता और त्वरित निर्णयों के लिए पहचाने जाने वाले श्री गढ़पाले के इस आश्वासन से जल्द ही क्षेत्र में बेहतर विद्युत व्यवस्था बनने की उम्मीद है।

### लालपुर सोढ़र में गौ रक्षा सेवा दल की बैठक

**मंडला।** ग्राम लालपुर सोढ़र में गौ रक्षा सेवा दल द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित युवाओं ने गौ माता की रक्षा, सेवा और उनके संवर्धन का संकल्प लिया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौ माता की रक्षा का संकल्प लेना ही सनातन धर्म की सबसे बड़ी सेवा है। संगठन को मजबूत करने और एकता के साथ कार्य करने पर बल दिया गया ताकि गांव व आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे बीमार व लावारिस मवेशियों की बेहतर देखभाल और इलाज किया जा सके।

# कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार का निरीक्षण, जांच के दिए निर्देश



**मंडला।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, चटुआमार के संबंध में लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष व शिक्षा सभापति ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, छात्राओं तथा विद्यालय स्टाफ से अलग-अलग चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के उपरांत जनजातीय कार्य विभाग मंडला के सहायक आयुक्त अरुण कुमार शुक्ला को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि जांच के दौरान सभी बिंदुओं का वस्तुनिष्ठ परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

इसके बाद राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह बालक छात्रावास, जूनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास तथा सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, विद्युत सुविधा तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। संबंधित छात्रावास अधीक्षकों को निर्देश दिए गए कि विद्यार्थियों की सुविधा से जुड़े सभी व्यवस्थागत मुद्दों का शीघ्र निराकरण किया जाए। विशेष रूप से भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए गए।

**मंडला के कांस्य शिल्प को पुनर्जीवित करने का रखा प्रस्ताव, पुलिस अधीक्षक ने की स्थानीय कलाकारों की सराहना**

# कला दीर्घा पहुंचे एसपी, कला से बढ़ता है अनुशासन और संवेदनशीलता




**मंडला।** कला प्रेमी मंडला पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने सह-परिवार जिला पंचायत स्थित कला दीर्घा का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए सभी चित्रों व कलाकृतियों का बारीकी से अवलोकन किया और स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कला दीर्घा आकर मन प्रफुल्लित हो गया है। हर चित्र में कलाकार की आत्मा झलकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज दोनों को कला से जुड़ना चाहिए, क्योंकि यह मानसिक तनाव को दूर कर जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन और संवेदनशीलता बढ़ाती है। ऐसी सराहनीय पहल के लिए उन्होंने जिला पंचायत प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विशेष चर्चा के दौरान एसपी ने मंडला की प्राचीन कांसा बर्तन शिल्प कला का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में अद्भुत प्रतिभा छिपी है। उन्होंने मंडला के पारंपरिक कांस्य उद्योग को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि ऐसी लोक कलाओं को बढ़ावा देना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागी कलाकारों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बिझौली में सूने मकान का ताला तोड़कर 15 हजार का माल पार

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए 3 चोर, फुटेज खंगाल रही पुलिस**





**निवास।** निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिझौली में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लगभग 15 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी अनुसार जनपद पंचायत नारायणगंज में पदस्थ सहायक विकासखंड प्रबंधक राकेश कुमार झारिया का पैतृक मकान बिझौली में है। वे परिवार सहित जबलपुर में रहते हैं और त्यौहारों पर ही गांव आते हैं। राकेश जी के छोटे भाई नरेश झारिया ने फोन पर घर का ताला टूटने की सूचना दी। सूचना मिलने पर राकेश झारिया अपनी पत्नी सरिता झारिया के साथ बिझौली पहुंचे और निवास पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र धुर्वे ने पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। घर के अंदर अलमारी और पेटी के लॉक टूटे हुए थे। पीड़ित के अनुसार पूजा घर में रखे चांदी के सिक्के और अन्य सामान गायब थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 15 हजार रुपये है।

सीसीटीवी फुटेज में 3 संदिग्ध बाउंड्री वॉल फांदकर घर में घुसते और चोरी करते नजर आ रहे हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। पीड़ित ने बताया कि फरवरी 2025 में भी चोरों ने घर का ताला तोड़ा था, लेकिन तब वे सफल नहीं हो पाए थे। फिलहाल निवास पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

**जामगांव की गुमशुदा युवती को नैनपुर पुलिस ने खोज निकाला, परिजनों ने जताया आभार**

# गुमशुदा युवती को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा



**नैनपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मंशाराम वगेन के नेतृत्व में नैनपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे तलाश अभियान के तहत एक गुमशुदा युवती को सकुशल दस्तयाब किया गया है।

जानकारी अनुसार थाना नैनपुर के अंतर्गत ग्राम जामगांव निवासी 18 वर्षीय युवती अक्षय कुमारी यादव पिता ज्ञानचंद यादव के गुमशुदा होने पर गुम इंसान दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए नैनपुर पुलिस टीम द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में 8 जुलाई को प्रधान आरक्षक राजेश उईके द्वारा युवती को सकुशल खोज निकाला गया।

आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को पाकर परिजनों ने नैनपुर पुलिस की इस त्वरित व सराहनीय कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

# आर्यिका रत्न विमल मति माता ससंघ का पिंडरई की ओर मंगल विहार




**घुघरी।** पावन वर्षायोग 2026 के पावन अवसर पर पूज्य आर्यिका रत्न विमल मति माताजी ससंघ का मंगल विहार घुघरी होते हुए पिंडरई की ओर जारी है। दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार माताजी नंगे पैर पदयात्रा करते हुए जन-जन को धर्म, संयम और अहिंसा का संदेश दे रही हैं।

विहार के दौरान ग्राम पंचायत लाटो के संचार शाला द्वावाहीटोला में माताजी की आहार चर्या संपन्न हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। आगामी आहार चर्या डोंगरमंडला में आयोजित होगी।

माताजी के घुघरी आगमन पर दिगंबर जैन समाज मंडला द्वारा भव्य अगवानी की गई। वहीं सकल दिगंबर जैन समाज पिंडरई के श्रद्धालु भी निरंतर पदयात्रा में साथ चल रहे हैं। पूरे विहार मार्ग में जयघोष और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है, जहां श्रद्धालु भावपूर्वक माताजी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# पीएम श्री स्कूल बिलगांव के नवीन भवन का भूमिपूजन

**कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ संपन्न**



**मंडला।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलगांव के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, मोहगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष गत सिंह भवेदी, जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति अध्यक्ष, जनपद सदस्य गोंदिया परते, श्रवण परते तथा ग्राम पंचायत बिलगांव के सरपंच लमतू सिंह धुर्वे एवं उपसरपंच प्रसन्न भांवरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवीन भवन निर्माण को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और छात्रों को लगन व परिश्रम के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के प्रभारी प्राचार्य दीपक कछवाहा तथा पीएम श्री स्कूल बिलगांव के प्रभारी प्राचार्य फूलचंद नंदा ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि नवीन भवन बनने से विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल प्राप्त होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

अभियान

**ठगी होने पर तुरंत डायल करें 1930 हेल्पलाइन, पुलिस अधिकारियों ने दिए बचाव के टिप्स**

# भीमडोंगरी में ग्रामीणों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर



**भुआ बिछिया।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत भीमडोंगरी स्थित पुलिस कौशल विकास केंद्र में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के प्रभावी उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बिछिया सौरव तिवारी एवं थाना प्रभारी मोतिनाला हेमंत बाबरिया ने ग्रामीणों को सतर्क रहने का संदेश दिया। अधिकारियों ने विस्तार से समझाया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ फोन कॉल पर अपना ओटीपी, बैंक खाता नंबर या एटीएम से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करें। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित जनसमुदाय को सचेत करते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी या डिजिटल ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने के बजाय तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

### जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे उपस्थित

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों से अपील की गई कि वे साइबर सुरक्षा से जुड़ी इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने परिवार, पड़ोस और पूरे गांव तक पहुंचाएं ताकि हर नागरिक डिजिटल ठगी से सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर, सुखमन धुर्वे, सरपंच ओम प्रकाश मरावी, करन सिंह मरावी, श्रीमती ललिता भागवत सरोते, हनुमान जाट, संतोष बंजारा, भागवत गहलोत, बिरजू नायक सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# टिकरिया पुलिस की ऑटो-जीप चालकों को चेतावनी

**बस स्टैंड पर जाम लगाया तो होगी चालानी कार्रवाई**



**मंडला।** टिकरिया बस स्टैंड और चौराहे पर लगातार बन रही जाम की स्थिति तथा यात्रियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए टिकरिया पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। थाना प्रभारी प्रदीप पांडे ने सभी ऑटो एवं जीप चालकों को थाने बुलाकर बैठक ली और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

बैठक में टीआई ने स्पष्ट किया कि बस स्टैंड के बीचों-बीच वाहन खड़े कर सवारी न बैठाएं। ऑटो चालकों की मनमानी के कारण हाट-बाजार के दिनों में चौराहे पर भीषण जाम लग जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के साथ-साथ आपातकालीन वाहनों और दोपहिया चालकों को भारी परेशानी होती है।

टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप पांडे ने निर्देश दिए हैं कि ऑटो को सड़क किनारे तय खाली जगह पर ही खड़ा करें और वाहन जिस रूट का है, उसे उसी ओर लगाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जिसकी पूरी जवाबदारी स्वयं चालक की होगी।